फा. सं. 48013/1/2012- वित्त (समन्वय),वॉल्यूम- III (ई -3595 )
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक भवन, प्रथम तल
36, जनपथ' नई दिल्ली
दिनांक 25 अगस्त, 2022

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

विषयः **मत्स्यपालन विभाग के संबंध में जुलाई, 2022 माह की प्रमुख गतिविधियां और मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर मंत्रालयों/विभागों द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट के संबंध में ।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और इसके साथ जुलाई, 2022 माह की मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां, महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई की प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

संलग्नक : यथोक्त

( डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**<u>प्रतिलिप</u>**

1) मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन , नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ : श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2) प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3) राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन , नई दिल्ली
4) उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5) प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6) भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग के सचिव
7) सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**<u>सूचना के लिए प्रतिलिपि:</u>**

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2) मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव

3) सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4) अपर सचिव एवं वित्त सलहकार के प्रधान निजी सचिव
5) मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ ।

**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के मत्स्यपालन विभाग में जुलाई, 2022 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां**

1. ला रियूनियन में 4-8 जुलाई, 2022 के दौरान आयोजित दक्षिणी हिंद महासागर मात्स्यिकी समझौते / सदेर्न इंडियन ओशन फिशेरीस एग्रीमंट (एसआईओएफए) सदस्यों की 9वीं बैठक में विभाग ने भाग लिया और एसआईओएफए की गैर-संविदाकारी सदस्य / नॉन कांट्रैक्टिंग पार्टी का दर्जा हासिल किया। इससे हमें आने वाले वर्षों में कॉन्ट्रैक्टिंग पार्टी का दर्जा प्राप्त करने और दक्षिण हिंद महासागर में मछली पकड़ने के भारतीय जहाजों के लिए मछली पकड़ने के अधिकार सुरक्षित करने में मदद मिलेगी ।

2. पीएमएमएसवाई की परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) की 27 वां बैठक 19 से 21 जुलाई, 2022 तक आयोजित की गई थी और 932.98 करोड़ रुपये कुल परिव्यय और केंद्रीय हिस्सा 336.55 करोड़ रु के साथ तेरह (13) राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रस्तावों का मूल्यांकन और अनुमोदन किया गया था ।

3. एफआईडीएफ की केंद्रीय अनुमोदन और निगरानी समिति (सीएएमसी) ने 29 जुलाई, 2022 को संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) की अध्यक्षता में अपनी 13वीं बैठक आयोजित की और 926 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय पर महाराष्ट्र में 673 करोड़ रुपये की लागत से 4 बंदरगाह और 253.00 करोड़ रुपये की लागत से तमिलनाडु में 1 बंदरगाह के 5 बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को मंजूरी दी ।

4. विभाग ने तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 के प्रारूप को हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद अंतिम रूप दिया, जिसका उद्देश्य अधिनियम के अंतर्गत गैर-अपराधीकरण करना और तटीय जलीय कृषि क्षेत्र में हाल के विकास को शामिल करना है और इसे मसौदा मंत्रिमंडल नोट के साथ विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों को टिप्पणियों के लिए परिचालित किया गया था।

5. श्री परशोत्तम रूपाला, माननीय मंत्री (एफएएचडी) ने 1 जुलाई 2022 को सिकंदराबाद, तेलंगाना में मछुआरा समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक की और मछुआरों के मुद्दों, पीएमएमएसवाई की प्रगति और मछुआरों के लिए केसीसी के तहत प्रगति पर चर्चा की ।

6. डॉ एल मुरुगन, माननीय राज्य मंत्री (एफएएचडी) ने 1 जुलाई 2022 को राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद (NFDB) के काम की समीक्षा की और इसकी विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण भी किया।

7. श्री परशोत्तम रूपाला, माननीय मंत्री, एफएएचडी मंत्रालय ने पशुपालन, डेयरी और मत्स्य किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने की प्रगति की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन की अध्यक्षता में 7 जुलाई, 2022 को आयोजित पीएसबी और आरआरबी के प्रमुखों की बैठक में भाग लिया ।

8. डॉ एल मुरुगन, माननीय राज्य मंत्री (एफएएचडी) ने 7 जुलाई, 2022 को कराईक्कल, पुडुचेरी और 14 जुलाई, 2022 को रंगत, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का दौरा किया और पीएमएमएसवाई और केसीसी की प्रगति पर संबंधित मछुआरा संघों और अधिकारियों

के साथ बातचीत की ।

9. तिलापिया अध्ययन रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई थी और मत्स्य निर्यात में विविधता लाने के लिए सीआईआई द्वारा तैयार की गई तिलापिया कार्य योजना के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप तैयार किया गया था।

10. माननीय मंत्री (एफएएचडी) ने मात्स्यिकी और जलीय कृषि में सहयोग के संभावित क्षेत्रों और घाना को भारतीय समुद्री मात्स्यिकी उत्पाद/जलकृषि निर्यात के दायरे पर चर्चा करने के लिए 20 जुलाई 2022 को महामहिम श्रीमती माविस हावाकूमसन, मत्स्यपालन और जलीय कृषि मंत्री, घाना गणराज्य के साथ द्विपक्षीय बैठक की ।

11. आज़ादी के अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में 22 जुलाई 2022 को "मात्स्यिकी सहकारी समितियों की क्षमता और भूमिका" पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें श्री संदीप कुमार नायक डीजी, एनपीसी सहित कई विशेषज्ञों ने मत्स्य सहकारी समितियों द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने विचार साझा किए। वेबिनार में मत्स्य पालन क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञों, मछुआरों और मत्स्य किसानों, सहकारी समितियों अधिकारियो और शोधकर्ताओं सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

12. मत्स्यपालन विभाग ने 10 जुलाई, 2022 को कृषि भवन नई दिल्ली में हाइब्रिड मोड में 25वां राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस मनाया । समारोह के दौरान, मत्स्य खपत को बढ़ावा देने के लिए कई आउटरीच सामग्री जारी की गई। इसके अलावा, एनएफ़डीबी ने मत्स्यपालन और जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष (एफ़आईडीएफ़) और पीएमएमएसवाई के तहत परियोजनाओं के वित्तपोषण की सुविधा के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

13. माह के दौरान, तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने पंजीकरण के लिए चौंसठ (64) आवेदन, जलीय कृषि फार्मों के नवीकरण के लिए चौंतीस (34) आवेदनों और एक्वा इनपुट निर्माताओं / वितरकों से उनतीस (39) आवेदनों को एंटीबायोटिक मुक्त पदार्थ अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए मंजूरी दी। इसके अलावा, सीएए ने झींगा हैचरी के पंजीकरण और उसके के नवीनीकरण के लिए बीस (20) आवेदनों को भी संसाधित किया और लाइसेंस की शर्त के अनुपालन के संदर्भ में ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों में स्थित छह सौ निन्यानवे (695) फार्म और हैचरी का निरीक्षण किया ।

14. एनएफ़डीबी द्वारा जुलाई, 2022 के महीने में 6,24,532 व्यक्तियों को कवर करते हुए विभिन्न मीडिया के माध्यम से 179 प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम और आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया गया । तीन सौ उनहत्तर (379) प्रशिक्षण दिन के साथ महिला/पुरुष मछुआरों को शामिल करते हुए साठ (60) मछुआरों के लिए पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इसके अलावा सिफनेट ने अपने नियमित पाठ्यक्रम के अलावा 155 समुद्री मछुआरों के लिए 2 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए ।

15. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के नौ (9) मछली पकड़ने वाले जहाजों ने

भारतीय विशिष्ट आर्थिक ज़ोन (ईईजेड) में और उसके आसपास खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया। एफएसआई के महानिदेशक, क्षेत्रीय निदेशकों और वैज्ञानिकों ने विभिन्न विर्चुयल अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में भाग लिया, 4 से 8 जुलाई, 2022 के दौरान आयोजित नेरेटिक ट्यूना (डब्ल्यूपीएनटी) वर्किंग पार्टी में, 11 - 15 जुलाई के दौरान आयोजित पोर्ट स्टेट मेजर्स (पीएसएमए) पर समझौता और 25-29 जुलाई, 2022 के दौरान समशीतोष्ण टूना पर कार्य दल की 8वीं बैठक (डबल्यूपीटीएमटी08) के दौरान मूल्यांकन।

16. केंद्रीय मात्स्यिकी तटवर्ती एंजीनियरी संस्थान ने तकनीकी समीक्षा संपन्न की और सतपति फिशिंग हार्बर में एक फिशिंग हार्बर और तमिलनाडु में नौ (9) फिशिंग हार्बर (एफ़एच)/फिश लैंडिंग केंद्र (एफ़एलसी) के लिए डिजाइन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की।

17. जन शिकायत: मत्स्यपालन विभाग में सीपीजीआरएएम पोर्टल के तहत शिकायत निपटान 31 जुलाई, 2022 तक 95% था।

***